




## एक नजर में

### नवरंग क्लब ने किया 121 लीटर खीर का वितरण



**उन्हेल।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर नवरंग क्लब उन्हेल द्वारा लगातार 26 वें वर्ष भी खीर का वितरण किया गया। समिति द्वारा इस वर्ष 121 लीटर खीर का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के नारायण मंडावलिया, कपिल बाबूजी, श्रीकांत नरवाडिया, गोपाल ढोढरिया, मोहन वाक्तलिया, दिनेश वाक्तलिया, गोपाल नायमा, लालू शर्मा, गोविंद खमोरिया, ईश्वर नंदेड़ा, दिनेश पटेल, ललित नंदेडा, कैलाश नायमा, अनिल ढोढरिया, आंदीलाल सलित्रा, पीडी ढोढरिया, रितेश जैन, नरेंद्र कामली, पवन ढोढरिया, नवीन गेहलोद, दीपक मंडावलिया, नारायण नंदेड़ा, कमल अलोलिया, सुनील सगीत्रा, राधे भाई सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।

### माता रानी के भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की



**बड़नगर।** श्री राम नवयुवक गरबा मंडल द्वारा नौ दिनों तक माता रानी की आराधना, पूजा और भव्य गरबे का आयोजन किया गया। समापन पर भंडारे का आयोजन किया भंडारे की शुरुआत विधिवत पूजा पाठ और माता रानी की महाआरती से की गई उसके पश्चात कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया गया। साथ ही नव युवक गरबा मण्डल द्वारा नो दिवसीय गरबा करने वाली कन्याओं को पुरस्कार देकर सम्मान भी किया गया। भंडारे में नगर सहित आसपास से आए श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मंडल के युवाओं और स्थानीय नागरिकों की सह भागिता से यह आयोजन धार्मिक उत्सव का रूप ले लेता है। भंडारे का आयोजन शाम 6 बजे से जारी रहा। जिसमें हजारों श्रद्धालु ने प्रसादी ग्रहण की। पुरुषों व महिलाओं के बैठने की व्यवस्था अलग-अलग की गई थी।

### किसान संघ ने फसलों के सर्वे की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**घट्टिया।** भारतीय किसान संघ तहसील घट्टिया द्वारा खराब हो रही फसलों व फसलों की कम पैदावार के सर्वे को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जानकारी देते हुए जिला जेविक प्रमुख राधेश्याम बैरागी ने बताया कि किसान संघ कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के समाने आरआई एम कटारा व पटवारी कमलेंद्र मिश्रा को दिया। ज्ञापन में पहले सूखे व बाद में अतिवृष्टि से खराब हुई सोयाबीन की फसल का सर्वे व इसी कारण सोयाबीन की कम पैदावार का सर्वे कराकर राहत राशी प्रदान करने, सोयाबीन की खरीदी समर्थन मूल्य 5328 रुपये पर करने व रुपये 628 बोनस देने की मांग की गई। ज्ञापन देते समय किसान संघ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शरद पूर्णिमा पर चारभुजा नाथ को लगाया केसर दूध का भोग



**घट्टिया।** शरद पूर्णिमा पर्व पर सोमवार रात्रि में स्थानीय चारभुजा मंदिर प्रांगण में पूर्णिमा के चांद की रोशनी में केसर युक्त दूध बनाकर भगवान को भोग लगाया व भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

### नगर में पहली बार शरद पूर्णिमा पर बाना डांडिया का आयोजन

**खाचरौद।** नगर में पहली बार बाना डांडिया का भव्य आयोजन शरद पूर्णिमा के अवसर पर गणेश देवली पर आयोजित किया गया। वर्षो पुरानी गरबा पंडाल में पुन: गरबे का आयोजन नगरवासियों को बहुत ही सुहाना लगा। चांटीया पुरुष डांडिया में एक से बढ़कर पात्र सजधज के खेलने आए और आकर्षण का केंद्र बने। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश देवली स्थित गणेश जी की आरती के साथ प्रारंभ हुआ। बेस्ट पात्र को व बेस्ट डांडिया को पुरस्कृत किया गया। शरद पूर्णिमा पर्व पर महाप्रसादी खीर का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम डांडिया युवा ग्रुप, गणेश देवली मित्र मंडल ओर सर्व स्वस्तिकाय फाउंडेशन ग्रुप के सहयोग से आयोजित किया गया।

### भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**खाचरौद।** भारतीय किसान संघ तहसील द्वारा मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी नेहा साहू को किसानों की मांग जिसमें इस वर्ष सोयाबीन की फसल ने किसानों को आर्थिक तंगी के मुंह में धकेल दिया है। कहीं पीला मोजक वायरस, कहीं जल भराव, तो कहीं अप्रमाणित बीज जो सरकार द्वारा किसानों को वितरित किया गया था। इन प्रमुख कारणों की वजह से हमारी तहसील के सभी गांवों में सोयाबीन का उत्पादन नहीं के बराबर हुआ है। कुछ गांव में 40 से 50 किलो पर बीघा कुछ गांव में 75 किलो से लेकर 1 क्विंटल पर बीघा हुआ है। जिससे क्षेत्र के किसानों को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। भारतीय किसान संघ सरकार से आग्रह करता है कि किसान परिवार के हितों का एवं आगामी रबी सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों को उचित सहायता राशि प्रदान करे। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा खरीफ फसल सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। लेकिन अभी तक सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर उपज की खरीदी सुनिश्चित नहीं की गई है। जिससे मजबूरन किसानों को अपनी उपज को मंडियों में व्यापारियों द्वारा औने पौने दामों में बेचा जा रहा है आदि मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। उक्त कार्यक्रम में संभागीय उपाध्यक्ष उदयसिंह आंजना, तहसील अध्यक्ष श्याम पहलवान धाकड़, जिला कार्यकारिणी सदस्य चंद्रभानसिंह नरूका, तहसील उपाध्यक्ष सिद्धूलाल नायमा, सदाशिव मेहता, गोवर्धन अटोलिया, हेमंत संगीतला, जितेन्द्र पाटीदार, बालाराम मदारा आदि किसान संघ प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन 12 अक्टूबर को

**उज्जैन।** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा 12 अक्टूबर रविवार को पथ संचलन निकाला जाएगा। जिस हेतु अभ्यास कार्यक्रम 7 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ। प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक क्षीरसागर उद्यान में बहनों को अभ्यास कराया जाएगा। राष्ट्र सेविका समिति की दीपा पांडे एवं रेखा मेहता ने बताया कि 12 अक्टूबर रविवार को सायं 4 बजे क्षीर सागर उद्यान से पथ संचलन निकलेगा। जो बहनें पथ संचलन में अपनी उपस्थिति देने वाली हैं उन सभी से अभ्यास कार्यक्रम में आवश्यक रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है। समिति ने कहा अभ्यास से ही गुणवत्ता में सुधार होगा अत: सभी के लिए अभ्यास में आना आवश्यक रहेगा। राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। ऐसे पुण्य अवसर पर स्व- संरक्षण, समर्पण, सकारात्मक, सशक्त, सुशीला सुधीरा, समर्था- समेता का भाव भर मातृशक्ति के पथ संचलन मे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## शरद पूर्णिमा पर बसंत विहार में हुए गरबे, 221 लीटर केसरिया दूध का किया वितरण

**उज्जैन। शरद पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में बसंत विहार कॉलोनी में गरबे का आयोजन किया गया। जिसमें मातृशक्तियों एवं बच्चियों ने सैकड़ों की संख्या में गरबे की प्रस्तुति दी। साथ ही 221 लीटर केसरिया दूध वितरण जनसहयोग से किया गया। केसरिया दूध वितरण कार्यक्रम में कॉलोनी के बच्चे, बच्चियां, गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्तियां ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।**

बसंत बिहार सांस्कृतिक मंच के तत्वाधान में राजेन्द्र परब के नेतृत्व में लगातार 5वें वर्ष नवरात्रि उत्सव 2025 का आयोजन किया गया। मातृ शक्तियों, बच्चियों के साथ समस्त कालोनीवासियों ने दस दिवसीय गरबा उत्सव में बढ़ चढ़ कर सहभागिता कर उपस्थिति दर्ज कराई। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलावती यादव सभापति नगर निगम रहीं। अध्यक्षता जगदीश शर्मा ने की। संचालन अनिल रावेरकर ने किया। मंच की ओर से दिलीप सिंह देवड़ा, प्रकाश जेठवानी, रमेशचंद्र कुमावत, मुकेश कुंभकार, लोकेंद्र सिंह बैस, जेएस पाण्डेय, हरीश घाडगे, देवेंद्र राय, एनके गर्ग, सियाराम पाटीदार, जेपी शर्मा, राजेंद्र पाटनकर, विजय गोठवाल, जगदीश कुमावत, उल्हास बख्शी, वासुदेव सोनी, डॉ महेश शर्मा, दिनेश जैन, नरेंद्र कुमावत, विजय प्रजापत, संग्राम सिंह चौहान, शशिकांत जोशी, उदयवीर सिंह खटाने विशेष रूप से उपस्थित रहे। आभार गोपाल कृष्ण जायसवाल ने माना।



नरेन्द्र चौरसिया ने बताया कि नवरात्रि उत्सव 2025 में महिला मंडल द्वारा प्रत्येक दिन राज्यवार वेशभूषा में पारम्परिक गरबा किया गया। सर्वश्रेष्ठ गरबा करने वाली मातृशक्तियों एवं बच्चियों को रोजाना विशेष उपहार प्रदान किए गए। महिला मंडल की ओर से सोनू शर्मा, दीपा भोजने, साक्षी जेठवानी, श्रीमती पाटीदार, श्रीमति साहू, रानी शर्मा, दीप्ति यादव, पूजा बामनवत, शेफाली जैन, निक्की जोशी, गुंजा वर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कॉलोनी की अनेक महिला मंडल मातृ शक्तियों ने आयोजन को सफल बनाया।

### महिला मंडल ने कराया कन्या भोज

नवरात्रि उत्सव 2025 के उपलक्ष्य में महिला मंडल द्वारा कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलोनी की कन्याओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर कन्या भोज कार्यक्रम को सफल बनाया। नवरात्रि उत्सव 2025 के पश्चात दशहरा, विजयादशमी के दिन रावण दहन का आयोजन किया गया। बसंत बिहार कॉलोनी के सभी गणमान्य नागरिक, महिला, बच्चे एवं बच्चियों ने रावण दहन कार्यक्रम में सहभागिता कर रावण दहन कार्यक्रम को सफल बनाया।



## धरना दे रहे पथ विक्रेताओं ने की मांग

**▸ स्वंत्रतता से रोजगार करने की अनुमति दी जाए, सौंपा ज्ञापन**

**उज्जैन। कानून 2014 लागू किया जाए, वैकल्पिक स्थान न दिये गये पथ विक्रेताओं का रोजगार चालू किया जावे। 26 जून 2023 के पत्र पालन किया जावे। पथ विक्रेताओं को स्वंत्रता से रोजगार करने की अनुमति दी जावे। टी.वी सी कमेटी का अतिशीघ्र चुनाव करवाया जावे। कानून 2014 का हनन करने वाले कर्मचारी अधिकारियों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।**

उक्त मांग चरक भवन के सामने सामाजिक न्याय परिसर में धरना दे रहे पथ विक्रेताओं ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार माया राय को सौंपते हुए की। दूसरे दिन 7 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन में श्याम प्रजापत, अर्जुन कहार सहित बड़ी संख्या में पथ विक्रेता मौजूद रहे।

नेशनल हॉकर फेडरेशन महासचिव संजय चौहान ने बताया कि पथ विक्रेताओं को बिना सूचना के हटाये जाने, बिना टीवीसी सिफारीश पत्र के पथ विक्रेताओं को हटाने की अवैधानिक कार्रवाई करने वालों पर कार्रवाई की जाए। सर्वे नहीं होने के पहले रोजगार स्थल से हटाया न जावे सर्वे किया जाए की मांग की।

## आदर्श वाल्मीकि महापंचायत ने निकाला चल समारोह, समाज एकता का संदेश दिया



**उज्जैन। रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी का प्रकट उत्सव आदर्श वाल्मीकि महापंचायत उज्जैन द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष में चल समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ एवं युवाओं ने भाग लिया। भव्य चल समारोह क्षीरसागर सागर स्टेडियम से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न भागों से होता हुआ श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पर समाप्त हुआ।**

जिसके बाद समाजजनों ने मिलकर पूजा अर्चन किया। पंचायत के महासचिव, मनोज मोरटे ने जानकारी देते हुए बताया कि चल समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वाल्मीकि समाज के राष्ट्रीय संत श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम के पीठाधीश्वर, राज्य सभा सांसद उमेश नाथ जी महाराज उपस्थित थे। चल समारोह में समाज के वरिष्ठ एवं युवा एकता का संदेश देते हुए चल रहे थे। तो दूसरी और समाज की बालिकाएं अखाड़े के माध्यम से शास्त्र प्रदर्शन करते हुए चल रही थीं। यह दृश्य न केवल आकर्षक था, बल्कि समाज में बालिकाओं की भागीदारी और नारी सशक्तिकरण को भी दर्शाता है।

इसी दौरान समाज के युवा ने रामायण के रचयिता, समाज सुधारक, मार्गदर्शक और महान ऋषि भगवान वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर समाज के लोगों ने उनके दिए गए संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

### देश को फिर से महर्षि वाल्मीकि के मर्यादा सूत्र अपनाने की जरूरत

आज के समय में देश को फिर से महर्षि वाल्मीकि के मर्यादा सूत्र को अपनाने की आवश्यकता है। यह सूत्र सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। इस मौके पर महापंचायत के संरक्षक कैलाश चावरे, बाबूलाल नरवाले, अध्यक्ष राकेश गिरजे, लोकेश टोपे, गुरुचरण कलोसिया, कमल देवधरे, बबलू डागर, संजय गिरजे, संदीप परोचे, चंद्र पहलवान टॉक, राहुल कलोसिया, धर्मेंद्र डागर,आशीष कंडारे धर्मेंद्र संकत,ब बाबूलाल सारवान, विष्णु कलोसिया, अजय गोसर,बंटी लोट,विनीत महिवाल, रवि गोसर, अजय घावरी, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

समाज को आगे बढ़ाना, नशाखोरी से दूरी, पढ़ाई की जरूरत जैसे मुद्दों पर जोर दिया। चल समारोह का सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। चल समारोह के दौरान राज्य सभा सांसद श्री उमेश नाथ महाराज कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने भारतीय संस्कृति और सभ्यता की नींव रखी। उन्होंने रामायण की रचना कर मर्यादा, आचरण और आदर्श जीवन का सूत्र समाज को दिया। यही वह सूत्र था जिसे भगवान श्रीराम ने स्वयं अपनाया और उस पर चले इसीलिए वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए।



## किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन, फसलों के उचित मूल्य और राहत की मांग

**माकड़ौन। किसान संघ द्वारा मंगलवार को तहसीलदार माकड़ौन को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें किसानों ने अपनी महत्वपूर्ण मांगों को रखते हुए सरकार से किसानों के हित में ठोस कदम उठाने की अपील की।**

ज्ञापन में बताया गया कि इस वर्ष के खरीफ सीजन 2025 में अल्प वर्षा और कीट प्रकोप के कारण फसलों की पैदावार अत्यंत कम हुई है। किसानों को लागत मूल्य तक नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे भारी आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। किसानों ने ज्ञापन में मांग की कि सरकार फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करे। साथ ही प्राकृतिक आपदा और नुकसानग्रस्त फसलों का उचित सर्वे कर किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा किसानों ने बैंक ऋण माफी तथा बिजली बिल में राहत देने की भी मांग रखी। किसान संघ पदाधिकारी भाई गोविंद विश्वकर्मा ने कहा कि किसान ही देश की रीढ़ हैं, यदि सरकार समय पर मदद नहीं करती तो किसानों की स्थिति और भी खराब हो जाएगी। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन तहसीलदार विष्णु बघेल को सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## समर्थन मूल्य व राहत राशि की रखी मांग : भारती किसान संघ



**बड़नगर। भारती किसान संघ ने फसल की भारी नुकसानी, बीमा क्लेम में देरी और समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग को लेकर तहसील कार्यालय पर अनुविभागीय अधिकारी धीरेंद्र पाराशर को एक विस्तृत ज्ञापन पत्र सौंपा। संघ के तहसील अध्यक्ष महेश जादव ने बताया कि सोयाबीन, मक्का और अन्य फसलें पीला मोजेक रोग एवं जलभराव से बर्बाद हो गई।**

खरीफ की फसल जिनके लिए तत्काल राहत राशि दी जानी चाहिए। पत्र के माध्यम से मुख्य मांग रखते हुए बताया कि जिन क्षेत्रों में सर्वे नहीं हुआ है। वहां तत्काल सर्वे कर राहत राशि प्रदान की जाए, भावांतर योजना नहीं, बल्कि समर्थन मूल्य पर फसल की खरीदी की जाए। किसानों को भावांतर से नुकसान होता है और व्यापारी मॉडल रेट के नाम पर शोषण करते हैं, प्याज, लहसुन, आलू जैसी फसलें जिनकी एमएसपी तय नहीं है। उन्हें भावांतर योजना के तहत राहत दी जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अतिवृष्टि की सूचना 72 घंटे में देना अनिवार्य है। अत: 254 की बीमा राशि शीघ्र दी जाए।, वर्ष 2017-18 की भावांतर राशि अब तक लंबित है, उसे तत्काल वितरित किया जाए।, पूर्व में धारा 6/4 के अंतर्गत दी गई 25 प्रतिशत राशि के शेष 75 प्रतिशत भुगतान की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन का वाचन कैलाश सिरवी ने किया।

इस अवसर पर रामस्वरूप नागर, विक्रमसिंह डाबी, सुरेश नागर, मदनलाल पाटीदार, आनंदपालसिंह चावड़ा, विष्णु पांचाल, भारतसिंह चौहान, रामकिशन डोडिया, कपिल चौहान, दिलीपसिंह कलमोड़ा, प्रदीप, अनोखीलाल सहित कई किसान उपस्थित रहे। जिन्होंने मांगों का शीघ्र समाधान नहीं होने पर भारतीय किसान संघ जिला एवं प्रदेश मुख्यालय के बैनर तले आंदोलन की चेतावनी दी है।

**एक नजर** ▸ **महापौर ने उठाई मांग, आउटसोर्स कर्मचारी के लिए ठेका प्रथा बंद कर नियमित किया जाए, ताकि शोषण खत्म हो सके**

## मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का 47वां स्थापना दिवस मनाया

**उज्जैन। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की दो दिवसीय बैठक उज्जैन में संपन्न हुई। साथ ही मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का 47वां स्थापना दिवस भी मनाया गया।**



बैठक में मुकेश सिंह महामंत्री राष्ट्रीय परिसंघ भारत सरकार के द्वारा 1 जनवरी 2026 से लागू होने वाले आठवे वेतनमान में राज्य सरकार के कर्मचारियों एवं भारत सरकार के कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन 50 हजार रुपए व वेतन भत्ते, अवकाश, नगदी करण, स्वास्थ्य बीमा योजना, अनेक प्रकार के भत्ते, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों को एक हजार रुपए भत्ता मासिक एवं महिला कर्मचारियों को मासिक अवकाश आदि प्रस्ताव पर विचार कर राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सभी राज्यों के महामंत्री एवं अध्यक्षों से प्रस्ताव मांग कर बिंदु और एजेंडा चाहा गया है। ताकि उनके द्वारा भारत सरकार वित्त मंत्रालय से मांगों पर विचार करके आठवें वेतनमान में शामिल करवाया जा सके।

राज्य कर्मचारी संघ के द्वारा वरिष्ठ पूर्व तहसील अध्यक्ष सत्तार खान का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री पारस चंद्र जैन, समाजसेवी ओम जैन, महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व महापौर मीना जोनवाल, वरिष्ठ नेता जसवंत सिंह उमठ, भारतीय मजदूर संघ उज्जैन आगर विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, बिजली कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष आनंद शिंदे, बी एम एस जिला अध्यक्ष मनीष कारपेंटर, जिला मंत्री किशन शेखावत, उपस्थित थे। राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पुरोहित, वरिष्ठ नेता अनोखीलाल शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, सचिव राम सिंह बनिहार, जिला कोषाध्यक्ष संजय सिंह सिसोदिया,कार्यकारी जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर, जिला पदाधिकारी सहित उज्जैन तहसील के समस्त अध्यक्ष सदस्य एवं पदाधिकारी के द्वारा भोजन आवास परिवहन एवं प्रचार प्रसार समितियां के द्वारा अच्छी व्यवस्था के लिए एवं बाबा महाकाल एवं उज्जैन के आसपास तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाने को लेकर पूरे भारत से आए हुए अतिथि व राष्ट्रीय एवं प्रदेश के पदाधिकारी के द्वारा संघ का दुपट्टा उड़ा कर शुभकामनाएं देते हुए सम्मान किया गया।

### ठेका प्रथा बंद करके नियमित करने की मांग

मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर द्वारा संबोधित किया गया। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने की। स्वागत भाषण प्रदेश महामंत्री जितेन्द्रसिंह राजपूत ने दिया। संचालन प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी ने किया। महापौर मुकेश टटवाल ने आउटसोर्स कर्मचारी के लिए ठेका प्रथा बंद करके नियमित करने की मांग की। जिससे मध्य प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारी का शोषण खत्म हो सके। पूर्व मंत्री पारसचंद्र जैन ने भारतीय मजदूर संघ के बारे में व्याख्यान किया।